# श्री यागमण्डल विधान

## गुजराती व हिन्दी भावार्थ सहित





**प्रकाशक**

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्याय मंदिर ट्रस्ट

सोनगढ़ (सौराष्ट्र) - 364250 | फोन - 02846-244334

# प्रकाशन अवसर

श्री દિગંબર જિનબિંબ પંચકલ્યાણક પ્રતિષ્ઠા મહોત્સવ

સોનગઢ

## श्री आदिनाथ दिगम्बर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्री बाहुबली मुनीन्द्र महामस्तकाभिषेक

वीर संवत २५५०, पोष सुद ९ से पोष वद १ तक

शुक्रवार, १९ जनवरी से शुक्रवार, २६ जनवरी, २०२४ तक

आयोजक - श्री दिगम्बर जैन स्वाध्याय मंदिर ट्रस्ट, सोनगढ

# प्रकाशकीय

वीतराग दिगम्बर जैनधर्म के सातिशय प्रभावक अध्यात्ममूर्ति स्वात्मानुभवी सत्पुरुष पूज्य गुरुदेवश्री कानजीस्वामी ने अध्यात्मतत्त्व के रहस्योद्घाटन के साथ साथ **देव-शास्त्र-गुरु की सम्यक पहिचान देकर मुमुक्षु समाज के ऊपर अनन्त उपकार किया है।** पूज्य गुरुदेवश्री एवं पूज्य बहिनश्री के धर्मप्रभावनायोग से मुमुक्षु समाज में जिनेन्द्र-पूजा, भक्ति इत्यादि की प्रवृत्ति नियमित चल रही है। पूज्य गुरुदेवश्री और पूज्य बहिनश्री स्वयं भी सोनगढ़ में नियमितरूप से जिनेन्द्र भक्ति आदि कार्यक्रमों में उपस्थित रहते थे। उनके ही पुण्य प्रताप से सौराष्ट्र, गुजरात, सम्पूर्ण भारत एवं नैरोबी (अफ्रीका) जैसे विदेशों में भी अध्यात्म प्रचार के साथ-साथ जिनमंदिर निर्माण एवं पंचकल्याणक और वेदी प्रतिष्ठा का युग चला एवं वर्तमान में भी जारी है।

इसी कडी में **श्री आदिनाथ दिगम्बर जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव, सोनगढ** के पावन प्रसंग पर पंचकल्याणक एवं वेदी प्रतिष्ठाओं के समय किया जानेवाला **श्री यागमण्डल विधान** एवं **उसके प्रत्येक श्लोक के गुजराती व हिन्दी भावार्थ इस पुस्तक में सम्मिलित हैं**। जिससे प्रतिष्ठा में उपस्थित समस्त मुमुक्षु समाज लाभान्वित होगा।

इस प्रकाशन के अवसर पर हम हमारे **प्रतिष्ठा-पथप्रदर्शक आचार्य वसुनन्दि (अपरनाम श्री जयसेन आचार्य)** आदि समस्त दिगम्बर मुनिराजों एवं स्मृतिशेष समस्त आदरणीय विद्वानों के योगदान को स्मृतिपट पर अंकित करते हैं। इस यागमण्डल विधान का दृशिकरण एवं पुस्तक संयोजन यागमण्डल विधान की टीम ने किया है। गुजराती अनुवाद का कार्य श्री प्रशमभाई मोदी, सोनगढ एवं हिन्दी अनुवाद प्रतिष्ठा पाठ, इन्दौर से साभार प्राप्त हुआ है। संशोधन कार्य में श्री जीतूभाई नागरदास मोदी का विशिष्ट सहयोग रहा है। संशोधन आदि के मार्गदर्शन देने के लिये प्रतिष्ठाचार्य विद्वानश्री सुभाषभाई शेठ, वांकानेर एवं प्रतिष्ठाचार्य ब्र. हेमंतभाई गांधी, सोनगढ उक्त

दोनों  विद्वानों के प्रति प्रकाशनसमिति कृतज्ञता व्यक्त करती है।

दिगंबर जैन शुद्ध तेरापंथी आम्नाय अनुसार प्रकाशित इस पूजन एवम् विधान के आध्यात्मिक भावों के माध्यम से भव्य जीवों तत्त्वज्ञान की अभिरुचि की वृद्धिपूर्वक ज्ञायक-सन्मुखता साधने में अग्रेसर हो ऐसी मंगल भावना सह...

**श्री आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव अंतर्गत जम्बूद्वीप शाश्वत जिनेन्द्र एवं श्री बाहुबली मुनिवर प्रतिष्ठापन**
**वीर संवत - २५५०, पौष शुक्ल ९; दि. १९-०१-२०२४**

साहित्य प्रकाशन समिति,
**श्री दिगम्बर जैन स्वाध्याय मंदिर ट्रस्ट, सोनगढ**

# सुवर्णपुरी सोनगढ में विराजित
# श्री सीमंधर भगवान



**श्री सीमंधर जिनराज की महिमा अगम अपार।**
**सुर - नर मुनि जिनको सदा, नावत बारम्वार ॥**

# श्री जयसेनाचार्य जी



हे गुरुवर शाश्वत सुखदर्शक, यह नग्न स्वरुप तुम्हारा है।
जग की नश्वरता का सच्चा, दिग्दर्शन करने वाला है॥

# अध्यात्ममूर्ति परमोपकारी
# पूज्य गुरुदेवश्री कानजीस्वामी



**यह महोत्सव अनन्त भवों का नाशक है।**

(पंचकल्याणक प्रवचन, पृष्ठ २५)

# प्रशममूर्ति भगवतीमाता
# पूज्य बहिनश्री चम्पाबेन



आत्मार्थी को स्वाध्याय करना चाहिये, विचार-मनन करना चाहिये; यही आत्मार्थी की खुराक है।

॥बोल-२४॥

# संक्षिप्त परिचय

आचार्य वसुनन्दि (जयसेन) द्वारा रचित प्रतिष्ठासार संग्रह के अन्तर्गत एवं पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में अनिवार्य रूप से होने वाले यागमण्डल विधान के संबंध में अत्यल्प जानकारी आगम में प्राप्त होती है। चूँकि हमें प्रत्येक जिनबिंब प्रतिष्ठा में इसका आयोजन अनिवार्य रूप से देखने को मिलता है अतः इसके विषय में जानकारी होना अनिवार्य सा हो जाता है। इसीलिये सर्वप्रथम यागमण्डल विधान का अर्थ देखते हैं...

**याग अर्थात् पूज्य... अर्थात जो पूज्य पुरुषों (नव देवता) का समूह है उनके गुणों का विस्तार (विधान), इसी का नाम है यागमण्डल विधान।**

यागमण्डल विधान क्यों कराया जाता है ? इसका भी उत्तर अत्यंत सरल है। यागमण्डल विधान के माध्यम से पञ्च परमेष्ठी, जिन-प्रतिमा, जिनमन्दिर, जिनवाणी (शास्त्र) और जिनधर्म - इन नव देवताओं की पूजन की जाती है। इस पूजन के द्वारा हम भूत-भविष्य-वर्तमान के तीर्थंकर परमात्माओं को एवं पंच परमेष्ठी को उनके समस्त गुणों और उन गुणों से निर्मल उनके आत्मस्वरूप को, ६४ ऋद्धियों से युक्त मुनिराजों को अर्घ्य समर्पित करते हैं।

इस पूजन के माध्यम से उक्त समस्त देव-शास्त्र-गुरु का आह्वानन किया जाता है तथा पूजन-विधान के माध्यम से यह भावना की जाती है कि हे देव-शास्त्र-गुरु! हम आपके सान्निध्य में यह पञ्च कल्याणक प्रतिष्ठा कराना चाहते हैं; **कृपया आप हमें आशीर्वाद देवें, जिससे हम शुद्ध मन-वचन-काय से यह महान कार्य सम्पन्न कर सकें।**

यागमण्डल विधान में समर्पित किये जाने वाले अर्घ्यों की संख्या भी स्वयं में एक महत्त्वपूर्ण जानकारी का विषय है, क्योंकि इस विधान के अन्तर्गत

नवदेवताओं को विस्तारपूर्वक अर्घ्य समर्पित किये गये हैं। उनके अर्घ्यों की संख्या और विषय विभाजन कुछ इस प्रकार है।

## अर्घ्यों की संख्या और विषय विभाजन

| क्र. | वलय (घेरा) | विषय | अर्घ्य संख्या |
|---|---|---|---|
| १ | प्रथम | पंच परमेष्ठी | ५ |
| २ | - | चार मंगल, उत्तम, शरण | १२ |
| ३ | द्वितीय | भूतकाल के २४ तीर्थंकर | २४ |
| ४ | तृतीय | वर्तमान के २४ तीर्थंकर | २४ |
| ५ | चतुर्थ | भविष्य के २४ तीर्थंकर | २४ |
| ६ | पंचम | विहरमान २० तीर्थंकर | २० |
| ७ | षष्ठम | आचार्य परमेष्ठी के मूलगुण | ३६ |
| ८ | सप्तम | उपाध्याय परमेष्ठी के मूलगुण | २५ |
| ९ | अष्टम | साधु परमेष्ठी के मूलगुण | २८ |
| १० | नवम | ६४ ऋद्धिधारी मुनिराजों के अर्घ्य | ४८ |
| ११ | - | जिनप्रतिमा | १ |
| १२ | - | जिनमंदिर | १ |
| १३ | - | जिनवाणी | १ |
| १४ | - | जिनधर्म | १ |
| सबके अंत में सामूहिक अर्घ्य | | | |
| कुल विशिष्ट विषयगत अर्घ्य संख्या | | | २६१ |

इस प्रकार हम २६१ अर्घ्यों की संख्या एवम् विषय विभाजन और अनुक्रमणिका प्रस्तुत कर के हम यागमण्डल विधान की पूर्णता की ओर अग्रेसर होतें हैं और विधिनायक भगवान के समक्ष पंचकल्याणक की निर्विघ्न पूर्णता की भावना करते हैं।

# अनुक्रमणिका


| क्र. | वलय(घेरा) | विषय | अर्घ्य संख्या | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|---|---|
| १ | - | मुख्य पृष्ठ - श्री यागमण्डल विधान | - | I |
| २ | - | प्रकाशन अवसर | - | II |
| ३ | - | प्रकाशकीय निवेदन | - | III |
| ४ | - | देव-शास्त्र-गुरु | - | V-VIII |
| ५ | - | संक्षिप्त परिचय | - | IX |
| ६ | - | अनुक्रमणिका | - | XII |
| ७ | - | मंगलाचरण | - | १ |
| ८ | - | अष्टक | - | १० |
| ९ | प्रथम | पंच परमेष्ठी | ५ | १९ |
| ८ | प्रथम | चार मंगल, उत्तम, शरण | १२ | २५ |
| ९ | द्वितीय | भूतकाल के २४ तीर्थंकर | २४ | ३८ |
| १० | तृतीय | वर्तमान के २४ तीर्थंकर | २४ | ६४ |
| ११ | चतुर्थ | भविष्य के २४ तीर्थंकर | २४ | ९० |
| १२ | पंचम | विहरमान २० तीर्थंकर | २० | ११६ |
| १३ | षष्ठम | आचार्य परमेष्ठी के मूलगुण | ३६ | १३८ |
| १४ | सप्तम | उपाध्याय परमेष्ठी के मूलगुण | २५ | १७६ |
| १५ | अष्टम | साधु परमेष्ठी के मूलगुण | २८ | २०३ |
| १६ | नवम | ६४ ऋद्धिधारी मुनिराजों के अर्घ्य | ४८ | २३३ |

# अनुक्रमणिका



| क्र. | वलय(घेरा) | विषय | अर्घ्य संख्या | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|---|---|
| १७ | - | जिनप्रतिमा | १ | २८३ |
| १८ | - | जिनमंदिर | १ | २८४ |
| १९ | - | जिनवाणी | १ | २८५ |
| २० | - | जिनधर्म | १ | २८६ |
| २१ | - | अंतिम पृष्ठ - अध्यात्मतीर्थ श्री सुवर्णपुरी सोनगढ | - | २९० |

# मंगलाचरण

॥१॥

**अचिंत्यचिंतामणिकल्पवृक्ष,**
**रसायनाधीश्वरमादिदेवं ।**
**वंदामहे सृष्टिविधानमूढ,**
**प्राणिप्रणेतारमबाध्यवाक्यं।।**

---

ભાવાર્થ :– અચિંત્ય ચિંતામણિ કલ્પવૃક્ષરૂપ રસાયણના સ્વામી તથા સૃષ્ટિના વિધાતા, અજ્ઞાની પ્રાણીઓને યથાર્થ ઉપદેશ કરવાવાળા તથા જેમના વચન નિર્બાધ છે એવા આદિ તીર્થંકરને અમે નમસ્કાર કરીએ છીએ. ॥૧॥

भावार्थ :– अचिन्त्य चिंतामणि, कल्पवृक्ष रूप रसायन के स्वामी तथा सृष्टि के विधाता, अज्ञानी प्राणियों को यथार्थ उपदेश करने वाले एवं निर्बाध हैं वचन जिनके ऐसे आदि तीर्थंकर को हम नमस्कार करते हैं। ॥१॥

# मंगलाचरण

॥२॥

**स्याद्वादविद्यामृततर्पणेन,**
**सुप्तं जगद्बोधयितारमर्च्यं ।**
**श्रीकुंदकुंदादिमुनिं प्रणम्य,**
**श्रीमूलसंघे प्रणयामि यज्ञं ॥**

---

ભાવાર્થ :– મોહનિદ્રામાં સૂતેલા જગતને સ્યાદ્વાદવિદ્યાનું પાન કરાવીને પ્રતિબોધિત કરવાવાળા પૂજ્ય શ્રી કુંદકુંદ આદિ મુનિઓને પ્રણામ કરીને શ્રી મૂળસંઘમાં પ્રતિષ્ઠા વિધાન રચું છું. ॥૨॥

भावार्थ :– मोहनिद्रा में सोये जगत को स्याद्वाद विद्या का पान कराकर प्रतिबोधित करने वाले पूज्य श्री कुन्दकुन्द आदि मुनियों को प्रणाम करके श्री मूलसंघ में प्रतिष्ठा विधान को रचता हूँ। ।।२।।

॥३॥

**एवं समासादितवेदिकादि,**
**प्रतिष्ठयोपक्रियया दृढार्थ:।**
**पुष्पांजलिक्षेपणमत्रसार्थे,**
**वितीर्य यागोद्धरणे यतेऽहं ॥**

---

ભાવાર્થ :– વેદિક આદિ પ્રતિષ્ઠારૂપ સામગ્રીથી હું દૃઢ પ્રયોજન ભાવાર્થે સમસ્ત પાત્રો ઉપર પુષ્પાંજલિ ક્ષેપણ કરીને યાગમંડળ માટે પ્રયત્ન કરું છું. ॥૩॥

भावार्थ :– वेदिकादि प्रतिष्ठारूप सामग्री से मैं दृढ़ प्रयोजन से समस्त पात्रों पर पुष्पांजलि क्षेपण कर यागमंडल के लिए यत्न करता हूँ। ॥३॥

# मंगलाचरण

॥४॥

**ॐ जय जय नमोऽस्तु नमोऽस्तु नमोऽस्तु**
**नंद नंद नंद पुनीहि पुनीहि पुनीहि ।**
**ॐ णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं**
**णमो आइरियाणं, णमो उवज्झायाणं**
**णमो लोए सव्वसाहूँणं ।**

---

ભાવાર્થ :– ॐ પંચપરમેષ્ઠી જયવંત હો, જયવંત હો, જયવંત હો, નમસ્કાર હો, નમસ્કાર હો, નમસ્કાર હો, આનંદ હો, આનંદ હો, આનંદ હો, પવિત્ર કરો, પવિત્ર કરો, એમ ઉચ્ચાર કરીને નમસ્કાર મંત્ર ગણવા. ॥૪॥

भावार्थ :– ॐ पंचपरमेष्ठी जयवंत हों, जयवंत हों, जयवंत हों, नमस्कार हो, नमस्कार हो, नमस्कार हो, आनंद हो, आनंद हो, आनंद हो, पवित्र करो, पवित्र करो, ऐसा पढ़कर णमोकार मंत्र बोलें। ॥४॥

# मंगलाचरण

॥५॥

मध्ये तेजस्तदंगे वलयितसरणौ पंच पूज्योत्तमादि
द्वादश्यर्चा द्वितीये चतुरधिकसुविंशा जिना भूतकाला: ।
अग्रेष्ट्योर्वर्तमाना अवतरणकृतोऽग्रे विदेहस्थपूज्या
आचार्या: पाठका: स्युर्मुनिवरसुगुणा वह्निवृत्ते निवेश्या: ।।

---

ભાવાર્થ :– મધ્યમાં ઓમકાર, પછીના વલયમાં પંચ પરમેષ્ઠી તથા પૂજ્ય બાર મંગળ, ઉત્તમ, શરણ; બીજા વલયમાં ભૂતકાળના ચોવીસ તીર્થંકર, આગળના બે વલયમાં વર્તમાન અને ભવિષ્યના ચોવીસ તીર્થંકર, તેના પછીના આગળના વલયમાં વિદેહના વિદ્યમાન વીસ તીર્થંકર, તેના પછીના આગળના વલયમાં આચાર્ય, આગળના વલયમાં ઉપાધ્યાય, તેના પછીના વલયમાં સાધુ પરમેષ્ઠી ક્રમશઃ સ્થાપિત કરવા. ।।૫।।

भावार्थ :– मध्य में ॐकार, आगे वलय में पंचपरमेष्ठी तथा पूज्य द्वादश मंगल, उत्तम, शरण; द्वितीय वलय में चौबीस तीर्थंकर भूतकाल के आगे के दो वलयों में क्रमश: वर्तमान और भविष्य के तीर्थंकर उससे आगे के वलय में विदेह के विद्यमान बीस तीर्थंकर उसके बाद के वलय में आचार्य, अगले वलय में उपाध्याय, उसके बाद के वलय में साधु परमेष्ठी क्रमशः स्थापित करना। ॥५॥

॥६॥

**तेषामग्रिमवृत्तके गणधरा ऋद्धिप्रशस्ताश्चतु**
**र्दिक्षु स्युः क्षितिमंडले जिनगृहं चैत्यागमौ सद्वृषाः।**
**एवं स्युर्निधयो नवापरविधैर्युक्ता इहाभ्युद्धृते**
**सद् यागार्चनमंडले विलिखिताः पूज्याः स्वमंत्रैः सदा ।।**

ભાવાર્થ :– તેના પછી ઋદ્ધિધારી ગણધર અને ચારે દિશાઓમાં પૃથ્વી મંડળમાં ચૈત્ય, ચૈત્યાલય, જિનાગમ, જિનધર્મ આ રીતે નવ વલયમાં નવ નિધિ કે જે અહીં ઉપર વિધિવત દર્શાવ્યા છે તે આ યાગમંડળમાં લખેલ છે, તે દરેક વલયના પોતપોતાના મંત્રોથી સદાય પૂજવા યોગ્ય છે. પહેલાંમાં સત્તર, બીજામાં ચોવીસ, ત્રીજામાં ચોવીસ, ચોથામાં ચોવીસ, પાંચમામાં વીસ, છઠ્ઠામાં છત્રીસ, સાતમામાં પચ્ચીસ, આઠમામાં અઠ્યાવીસ, નવમામાં અડતાલીસ, ચારેય ખૂણામાં ચાર પ્રકારના કોઠાઓનો ક્રમ જાણવો જોઈએ. ।।૬।।

भावार्थ :– उनके आगे ऋद्धिधारी, गणधर और चारों दिशाओं में पृथ्वीमंडल में चैत्य, चैत्यालय, जिनागम, जिनधर्म इस प्रकार नव वृत्त (वलय) में नवनिधि जो ऊपर विधि युक्त यहाँ वर्णित किया, इस यागमंडल में लिखा हुआ है, अपने-अपने मंत्रों से सदा ही पूजने योग्य हैं । प्रथम में १७, द्वितीय में २४, तृतीय में २४, चतुर्थ में २४, पंचम में २०, षष्टम में ३६, सप्तम में २५, अष्टम में २८, नवम में ४८, चारों कोणों में चार प्रकार कोठों का क्रम जानना चाहिए। ॥६॥

# मंगलाचरण

।।७।।

**द्विशतोत्तरत: पंचाशत् स्थानं,**
**सुपूजयति यो धीमान् ।**
**निर्धूतकलुषनिकरो,**
**जिनबिंबस्थापको भवति ।।**

---

ભાવાર્થ :– આ રીતે જે બુદ્ધિમાન બસો પચાસ સ્થાનની પૂજા કરે છે તે સર્વ પાપને ધોઈને જિનબિંબનો સ્થાપક થાય છે. ।।૭।।

भावार्थ :– इस प्रकार जो बुद्धिमान दो सौ पचास स्थानों की पूजा करता है वह समस्त पापों को धोकर जिनबिंब का स्थापक होता है। ॥७॥

# मंगलाचरण

।।८।।

**एतेषां निधिसंज्ञायागेश, सर्गपतिमंडलाधीशा: ।**
**कथ्यंते विधिविज्ञै:, संकेतितमिदं ग्रंथसंबद्धं ।।**

---

ભાવાર્થ :– વિધિને જાણવાવાળા નિધિ, યજ્ઞપતિ, સર્ગપતિ, મંડલાધીશ આ સંજ્ઞા છે. આ ગ્રંથ સંબંધિત સંકેત છે. ।।૮।।

भावार्थ :– निधि को जानने वाले विधि, यज्ञपति, सर्गपति, मण्डलाधीश ये संज्ञा हैं । यह ग्रंथ संबंधित संकेत है। ॥८॥

# मंगलाचरण

॥१॥

**प्रत्यर्थिव्रजनिर्जयान्निजगुणप्राप्तावनंताक्रम-**
**दृष्टिज्ञानचरित्रवीर्यसुखचित्-संज्ञास्वभावाः परं ।**
**आगत्यात्रनिवेशितांकितपदैः संवौषडा द्विष्ठतो**
**मुद्रारोपणसत्कृतैश्च वषडा गृह्णीमर्चाविधिम् ।।**

ॐ ह्रीं अत्र जिनप्रतिष्ठाविधाने सर्वयागमंडलोक्ता जिनमुनय अत्रावतरत अवतरत तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः ममात्रसंनिहितो भवत भवत वषट् इत्यादि त्रिवारं कुर्यात् ।

---

ભાવાર્થ :– કર્મશત્રુઓ ઉપર વિજય પ્રાપ્ત કરીને પોતાના ગુણોને પ્રાપ્ત થયેલા અનંત તથા ક્રમ રહિત દર્શન, જ્ઞાન, ચારિત્ર, વીર્ય, સુખ, ચૈતન્યસત્તારૂપ સ્વભાવવાળા બધા જિનમુનિ અહીં આવીને પૂજાની વિધિને ગ્રહણ કરો, તે માટે સંવોષટ્ મંત્રથી આહ્વાન, બે વાર ઠઃ ઠઃ મંત્રથી સ્થાપન તથા મુદ્રાના આરોપણથી સત્કારપૂર્વક વષટ્ પદથી નિકટતાને પ્રાપ્ત થાઓ. ત્યારબાદ મંડળના મધ્યમાં સ્થાપિત કરેલા માંડલા ઉપર (ઠૌના=માંડલું અથવા મંડલ) ઉપર બનેલા સ્વસ્તિક ઉપર સ્થાપના કરવી. આ રીતે ત્રણવાર ઉચ્ચાર કરવો જોઈએ. ।।૯।।

भावार्थ :– कर्म शत्रुओं पर विजय प्राप्त करके अपने गुणों को प्राप्त हुए अनंत तथा क्रम रहित दर्शन, ज्ञान, चारित्र वीर्य, सुख, चैतन्यसत्तारूप स्वभाववाले सभी जिनमुनि यहाँ आकर पूजा की विधि को ग्रहण करो, इसलिये संवौषट् मंत्र से आह्वान, दो बार ठः ठः मंत्र से स्थापन तथा मुद्रा के आरोपण से सत्कारपूर्वक वषट् पद से संनिधि को प्राप्त हों । तत्पश्चात् मंडल के मध्य में स्थापित ठोने के ऊपर बने स्वस्तिक पर स्थापना करें । इस प्रकार तीन बार पढ़ना चाहिए ॥१॥

तत्पश्चात् मंडल के मध्य में स्थापित ठोने के ऊपर बने स्वस्तिक पर स्थापना करें ।

# अष्टक - जल

॥१॥

प्रांशुस्वर्णमणिप्रभाततिभृताभृंगारनालोच्छलद्
गंगासिंधुसरिन्मुखोपचितसत्पाथो भरेण त्रिधा ।
जन्मारातिविभंजनौषधिमितेनोद्-धूतगंधालिना
चाये यागनिधीश्वरानघहृते निःश्रेयसः प्राप्तये ।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वर-जिनमुनिभ्यो जलम् ।

---

ભાવાર્થ :- અત્યધિક સ્વર્ણમણિઓની કાંતિને ધારણ કરવાવાળી ઝારીની નાળીથી ઉછળતા ગંગા, સિંધુ આદિ નદીઓના મુખથી ભરેલા સુંદર જળના સમૂહથી મન, વચન, કાય દ્વારા જન્મરૂપી શત્રુના નાશ માટે ઔષધિ સમાન તથા જેની સુગંધથી ભમરાઓ ગુંજારવ કરી રહ્યા છે એવા જળથી હું મારા પાપોનો નાશ અને મોક્ષસુખની પ્રાપ્તિ માટે યાગમાં આહૂત પંચપરમેષ્ઠીની પૂજા કરું છું. આરીતે જળધારા કરવી. ।।૧।।

भावार्थ :- अत्यधिक स्वर्ण-मणियों की कांति को धारण करनेवाले झारी की नाली से उछलते हुए गंगा-सिंधु आदि नदियों के मुख से भरे सुन्दर जल के समूह से मन-वचन-काय द्वारा जन्मरूपी वैरी के नाश के लिए औषधि के समान तथा जिसकी गंध से भ्रमर गुंजार कर रहे हैं ऐसे जल से मैं अपने पापों के नाश एवं मोक्ष सुख की प्राप्ति के लिए याग में आहूँत पंचपरमेष्ठी की पूजा करता हूँ। इस प्रकार जल धारा देना ।।१।।

# अष्टक - चंदन

।।२।।

**घुसृणमलयजातैश्चंदनैः शीतगंधै-**
**र्भवजलनिधिमध्ये दुःखदो वाडवाग्निः ।**
**तदुपशमनिमित्तं बद्धकक्षैर्निमज्जद्-**
**भ्रमरयुवभिरीडत् सांद्रसार्द्रप्रवाहैः ।।**

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्व यज्ञेश्वर-जिनमुनिभ्यश्चंदनम् ।**

---

ભાવાર્થ :– આ સંસાર-સમુદ્રમાં વડવાનળ સમાન દુઃખદાયી તાપ છે, તેના ઉપશમન માટે ઉદ્યત, જેમાં આકર્ષિત થઈને ભમરાઓ ગુંજારવ કરી રહ્યા છે, એવા પ્રશંસાયોગ્ય સઘન પ્રવાહવાળા કોમળ ચંદનની શીતળ ગંધથી હું પૂજા કરું છું. ।।૨।।

भावार्थ :– इस संसार समुद्र में वडवानल समान दुःखदायी ताप है, उसके उपशमन के लिए उद्यत,जिसमें आकर्षित होकर भ्रमर गुंजार कर रहे हैं ऐसे प्रशंसा योग्य सघन प्रवाहवाले मृदु चंदन की शीतल गंध से मैं पूजा करता हूँ। ॥२॥

# अष्टक - अक्षत

।।३।।

**शशांकस्पर्द्धद्भिः कमलजननैरक्षतपदा–**
**धिरूढैः श्रामण्यं शुचिसरलताद्यैर्गुणवरैः ।**
**हसद्भिः साम्राज्याधिपतिचमनार्हैः सुरभिभि–**
**र्जिनार्चोंघ्रिंप्राची विपुलतरपुंजैः परियजे ।।**

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वरजिनमुनिभ्योऽक्षतम् ।**

---

ભાવાર્થ :– ચંદ્રની કાંતિ સાથે સ્પર્ધા કરવાવાળા, કીચડમાં ઉત્પન્ન થઈને પણ અક્ષયપદ તથા પવિત્રતા, સરળતા, આદિ ગુણોથી યુક્ત, મુનિઓને પ્રસન્ન કરવાવાળા ચક્રવર્તીને યોગ્ય ભોજનમાં પ્રિય સુગંધિત, સુંદર ચોખાઓનાં સમૂહથી પૂર્વદિશામાં જિનચરણની પૂજા કરું છું. ।।૩।।

भावार्थ :– चन्द्रमा की कांति से स्पर्धा करनेवाले, कीचड़ से उत्पन्न होकर भी अक्षयपद तथा शुचिता, सरलतादि गुणों से युक्त, मुनियों को प्रसन्न करनेवाले, चक्रवर्ती के योग्य भोजन में प्रिय सुगन्धित, सुन्दर तण्डुल के समूह से पूर्व दिशा में जिनचरण की पूजा करता हूँ। ॥३॥

# अष्टक - पुष्प

।।४।।

**दुरंतमोहानलदीप्यदंशु - कामेन नष्टीकृतमाशुविश्वं ।**
**तद्बाणराजीशमनाय पुष्पैर्यजामि कल्पद्रुमसंगतै र्वा ।।**

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वरजिनमुनिभ्य: पुष्पाणि ।**

---

ભાવાર્થ :– જેનો અંત સારો નથી એવા મોહરૂપી અગ્નિથી સંતપ્ત આ કામદેવે શીઘ્ર જ સંસારને નષ્ટ કર્યો છે, તેના બાણસમૂહની શાંતિ માટે હું પુષ્પોથી અથવા કલ્પવૃક્ષોના પુષ્પોથી પૂજા કરું છું. ।।૪।।

भावार्थ :– जिसका अंत कठिन है ऐसी मोहरूपी अग्नि से संतप्त इस कामदेव ने शीघ्र ही संसार को नष्ट किया है उसके बाण-समूह की शांति के लिए मैं पुष्पों से अथवा कल्पवृक्षों के पुष्पों से पूजा करता हूँ। ॥४॥

# अष्टक - नैवेद्य

।।५।।

**पीयूषपिंडनिवहैर्घृतशर्करान्न-**
**योगोद्भवैर्नयनचित्तविलासदक्षैः।**
**चामीकरादिशुचिभाजनसंस्थितैर्वा-**
**संपूजयाम्यशनबाधनबाधनाय ।।**

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वरजिनमुनिभ्यश्चरुं ।**

---

ભાવાર્થ :– ઘી, સાકર અને અન્નથી નિર્મિત, નેત્ર અને મનને પ્રિય તથા સુવર્ણપાત્રમાં સ્થિત અમૃત સમાન નૈવેદ્યથી ક્ષુધાની બાધા દૂર કરવા માટે પૂજા કરું છું. ।।૫।।

भावार्थ :– घी, शक्कर और अन्न से निर्मित, नेत्र और मन को प्रिय तथा सुवर्णपात्र में स्थित अमृत के समान नैवेद्य से क्षुधा की बाधा दूर करने के लिए पूजा करता हूँ। ॥५॥

# अष्टक - दीप

।।६।।

**अमितमोहतमोविनिवृत्तये घटितरत्नमणिप्रभवात्मभिः।**
**अयमहं खलुदीपकनामकैर्जिनपदाग्रभुवं परिदीपये ।।**

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वर-जिनमुनिभ्यो दीपं ।**

---

ભાવાર્થ :– રત્નમણિથી પ્રભાયુક્ત દીપકો વડે અસીમિત મોહરૂપી અંધકારની નિવૃત્તિ માટે હું નિશ્ચયથી જિનચરણોની પૂજા કરું છું. ।।६।।

भावार्थ :– रत्न-मणियों की प्रभायुक्त दीपकों के द्वारा असीमित मोहरूपी अंधकार की निर्वृत्ति के लिए मैं निश्चय से जिन चरणाग्र में पूजा करता हूँ। ॥६॥

# अष्टक - धूप

।।७।।

धूपोद् घ्राणैर्यजनविधिषु प्रीणिताशेषदिक्कै–
रुद्यद्वह्नावगुरुमलयापीडकान् संदहद्भिः ।।
अर्चे कर्मक्षपणकरणे कारणैराप्तवाक्यै–
र्यज्ञाधीशानिव बहुविधैर्धूपदानप्रशस्तैः ।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वर-जिनमुनिभ्यो धूपम् ।

---

ભાવાર્થ :– પૂજા વિધિમાં સુગંધિત અને સમસ્ત દિશાઓને સંતુષ્ટ કરવાવાળી, અગુરુમલયાદિક ધૂપને પ્રજ્વલિત અગ્નિમાં દહન કરી કર્મક્ષય કરવામાં કારણભૂત એવા જિનેન્દ્ર ભગવાનના વચનો દ્વારા યજ્ઞના સ્વામીની પૂજા કરું છું. ।।૭।।

भावार्थ :– पूजा विधि में सुगंधित एवं समस्त दिशाओं को संतुष्ट करने वाली अगुरुमलयादिक धूप को प्रज्वलित अग्नि में दहनकर कर्म क्षय करने में कारणभूत ऐसे जिनेन्द्र भगवान् के वचनों के द्वारा यज्ञ के स्वामी की पूजा करता हूँ। ॥७॥

# अष्टक - फल

॥८॥

**नि:श्रेयसपदलब्ध्यै कृतावतारै: प्रमाणपटुभिरिव ।**
**स्याद्वादभंगनिकरैर्यजामि सर्वज्ञमनिशममरफलै: ॥**

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वर-जिनमुनिभ्य: फलम् ।**

---

ભાવાર્થ :– મોક્ષપદની પ્રાપ્તિ માટે જેણે જન્મ લીધો છે એવો હું પ્રમાણ નિપુણ સ્યાદ્વાદ ભંગના સમૂહ દ્વારા નિરંતર સર્વજ્ઞદેવની ફળો દ્વારા પૂજા કરું છું. ॥૮॥

भावार्थ :– मोक्षपद की प्राप्ति के लिए जिन्होंने जन्म लिया है प्रमाण निपुण स्याद्वाद भंग के समूह के द्वारा निरंतर सर्वज्ञदेव की अमर फलों से मैं पूजा करता हूँ। ॥८॥

# अष्टक - अर्घ

।।९।।

**पात्रे सौवर्णे कृतमानंदजयषक्**
**पूजार्हंतं विस्फुरितानां हृदयेऽत्र ।**
**तोयाद्यष्टद्रव्यसमेतैर्भृतमर्घं**
**शास्तृणामग्रे विनयेन प्रणिदध्म: ।।**

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वरजिनेभ्योऽर्घम् ।**

---

**ભાવાર્થ :– સુવર્ણપાત્રમાં સ્થિત તથા પૂજા કરવાવાળા પુરુષોના પ્રફુલ્લિત હૃદયમાં પૂજાને યોગ્ય એવા જળ આદિ અષ્ટદ્રવ્યથી પરિપૂર્ણ અર્ઘ, જિનશાસનકર્તા સમક્ષ વિનયથી સમર્પણ કરું છું. ।।૯।।**

**भावार्थ :– सुवर्ण पात्र में स्थित तथा पूजा करनेवाले पुरुषों के प्रफुल्लित हृदय में पूजा के योग्य ऐसे जलादि अष्टद्रव्य से परिपूर्ण अर्घ से जिनशासन कर्ता के आगे विनय से समर्पण करता हूँ। ।।९।।**

# प्रथम वलय परिचय

वलय में अर्घ्य की संख्या : १८ (पंच परमेष्ठी के ५ अर्घ्य, चार मंगल-उत्तम-शरण ऐसे १२ अर्घ्य और १ समुच्चय अर्घ्य)

वलय का विषय एवं संक्षिप्त परिचय : इस वलय में जो परमपद मैं स्थित है ऐसे पंच परमेष्ठी की पूजन की है। साथ ही श्री अरिहंत, सिद्ध, साधु और केवलीकथित धर्म जो मंगल, उत्तम और शरणरूप है, उन प्रत्येक को अर्घ्य समर्पित किया गया है।

वलय एवं अर्घ्य का दृशिकरण : इस वलय मैं श्री अरिहंत तीर्थंकर और सामान्य केवली जो गंधकुटी सहित होते है उनका दृशीकरण किया गया है, साथ ही अष्टकर्म रहित पद्मासन और खड़गासन सिद्ध परमेष्ठी, शिक्षा-दीक्षा के अधिकारी मुनिसंघ के नायक आचार्य परमेष्ठी, पठन-पाठन के अधिकारी उपाध्यायजी और २८ मूल गुण के धारी पद्मासन और खड़गासन मुद्रा मैं साधु परमेष्ठी का यथावत स्वरूप दर्शाया गया है। इस लोक में जो स्वस्तिक रूप मंगल है, लोक मैं सबसे उत्तम है और सर्व जीवों को शरण रूप है, ऐसे अरिहंत देव, सिद्ध परमात्मा, निर्ग्रंथ साधु और केवली प्ररूपित धर्म का वास्तविक स्वरूप दर्शाने का भावनात्मक प्रयास किया गया है।

# अरहंत - परमेष्ठी

॥०१॥०१॥

अनंतकालसंभवद्भवभ्रमस्यभीतितो
निवार्य संदधन् स्वयं शिवोत्तमार्यसद्मनि ।
जिनेशविश्वदर्शिविश्वनाथमुख्यनामभि:
स्तुतं जिनं महामि नीरचंदनै: फलैरहं ॥

ॐ ह्रीं अनंतभवार्णवभयनिवारकानंतगुणस्तुतायार्हतेऽर्घम् ।

ભાવાર્થ :– સંસારી પ્રાણીને અનંતકાળથી પ્રાપ્ત થયેલા સંસારભ્રમણના ભયનું નિવારણ કરીને સ્વયં શિવરૂપ શ્રેષ્ઠ ગૃહમાં પ્રવેશ કરીને જિનેશ, વિશ્વદર્શી, વિશ્વનાથ આદિ નામોથી સ્તુત્ય થયેલા એવા શ્રી જિનેન્દ્રની જળ, ચંદન, ફળ આદિથી અમે પૂજા કરીએ છીએ. આ રીતે અનંત ભવસમુદ્રના ભયને દૂર કરનારા અને અનંતગુણોથી પૂજિત અરિહંત ભગવાનને અર્ધ્ય ચડાવવો જોઈએ. ।।૧।।૧।।

भावार्थ :– संसारी प्राणी को अनंतकाल से प्राप्त हुए संसार भ्रमण के भय का निवारण कर स्वयं शिवरूप श्रेष्ठ गृह में प्रवेश कर जिनेश, विश्वदर्शी, विश्वनाथ आदि नामों से स्तुत्य हुए ऐसे श्री जिनेन्द्र की जल, चंदन, फलादि से हम पूजा करते हैं । इस प्रकार अनंत भवरूप समुद्र के भय को दूर करने वाले और अनंत गुणों से पूजित अर्हंत के लिए अर्घ देना चाहिए। ।।०१।।०१।।

# सिद्ध - परमेष्ठी

॥०१॥०२॥

कर्मकाष्ठहुतभुक्स्वशक्तित:,
संप्रकाश्य महनीयभानुभि: ।
लोकतत्त्वमचले निजात्मनि,
संस्थितं शिवमहीपतिं यजे ।।

ॐ ह्रीं अष्टकर्मविनाशक निजात्मतत्वविभासकसिद्धपरमेष्ठीनेर्घम् ।

---

ભાવાર્થ :– કર્મરૂપી લાકડીને બાળવા માટે અગ્નિ સમાન પોતાની શક્તિથી, જ્ઞાનરૂપ સૂર્ય દ્વારા જગતના તત્ત્વોને પ્રકાશિત કરીને, અચળ, નિજ આત્મતત્ત્વમાં સ્થિત એવા મોક્ષરૂપી પૃથ્વીના સ્વામી સિદ્ધ પરમેષ્ઠીની હું પૂજા કરું છું. આ રીતે અષ્ટકર્મ -વિનાશકર્તા નિજ આત્મતત્ત્વના પ્રકાશક સિદ્ધ પરમેષ્ઠીને અર્ધ્ય ચડાવવો જોઈએ. ।।૧।।૨।।

भावार्थ :– कर्मरूपी लकड़ी को जलाने हेतु अग्नि के समान, अपनी शक्ति से ज्ञानरूप सूर्य के द्वारा जगत् के तत्त्वों को प्रकाशित कर, अचल निज आत्मतत्त्व में स्थित ऐसे मोक्षरूपी पृथ्वी के स्वामी सिद्धपरमेष्ठी की मैं पूजा करता हूँ। इस प्रकार अष्टकर्म विनाशन कर्त्ता निज आत्मतत्त्व के प्रकाशक सिद्धपरमेष्ठी को अर्घ देना चाहिए। ।।०१।।०२।।

# आचार्य - परमेष्ठी

॥०१॥०३॥

सार्थवाहमनवद्यविद्यया
शिक्षणान्मुनिमहात्मनां वरं ।
मोक्षमार्गमलघुप्रकाशकं,
संयजे गुरुपरंपरेश्वरम् ।।

ॐ ह्रीं अनवद्यविद्याविद्योतनायाचार्यपरमेष्ठीनेऽर्घम् ।

---

ભાવાર્થ :– નિર્દોષ સ્યાદ્વાદ વિદ્યાથી મહા મુનિરાજોને શિક્ષા આપીને ઉત્કૃષ્ટ મોક્ષમાર્ગને શીઘ્ર પ્રકાશિત કરવાવાળા એવા ગુરુ પરંપરાના સ્વામી આચાર્ય પરમેષ્ઠીની હું પૂજા કરું છું. આ રીતે, નિર્મળ વિદ્યાના પ્રકાશક, આચાર્ય પરમેષ્ઠીને અર્ઘ્ય ચડાવવો જોઈએ. ।।૧॥૩॥

भावार्थ :– निर्दोष स्याद्वाद विद्या से महामुनिराजों को शिक्षा देकर उत्कृष्ट मोक्षमार्ग को शीघ्र प्रकाशित करनेवाले ऐसे गुरुपरम्परा के स्वामी आचार्यपरमेष्ठी की मैं पूजा करता हूँ। इस प्रकार निर्मल विद्या के प्रकाशक आचार्य परमेष्ठी को अर्घ देना चाहिए। ॥०१॥०३॥

# उपाध्याय - परमेष्ठी

॥०१॥०४॥

**द्वादशांगपरिपूर्णसच्छुतं यः,**
**परानुपदिशेत पाठतः ।**
**बोधयत्यभिहितार्थसिद्धये,**
**तानुपास्य यजयामि पाठकान् ।।**

ॐ ह्रीं द्वादशांगपरिपूर्णश्रुतपाठनोद्यतबुद्धिविभवोपाध्याय परमेष्ठीभ्योऽर्घम् ।

---

ભાવાર્થ :- આ રીતે દ્વાદશાંગના ધારી ઉપાધ્યાય પરમેષ્ઠીને અર્ઘ્ય ચડાવવો જોઈએ. જેઓ દ્વાદશાંગથી પૂર્ણ શ્રુતને અભિહિત ભાવાર્થની સિદ્ધિ માટે બીજાને ભણાવે છે તથા સ્વયં ભણે છે એવા ઉપાધ્યાય પરમેષ્ઠીની સેવાપૂર્વક પૂજા કરું છું. ॥૧॥૪॥

भावार्थ :- जो द्वादशांग से पूर्ण श्रुत को अभिहित भावार्थ की सिद्धि के लिए दूसरों को पढ़ाते हैं तथा स्वयं पढ़ते हैं, उन उपाध्याय परमेष्ठी की सेवा पूर्वक पूजा करता हूँ। इस प्रकार द्वादशांग के धारी उपाध्याय परमेष्ठी को अर्घ देना चाहिए। ॥०१॥०४॥

# साधु - परमेष्ठी

॥०१॥०५॥

**उग्रमर्ध्यतपसाभिसंस्कृतिं,**
**ध्यानभानविनिवेशितात्मकं ।**
**साधकं शिवरमासुखामृते,**
**साधुमीड्यपदलब्धयेऽर्चये ।।**

ॐ ह्रीं घोर तपोऽभिसंस्कृतध्यानस्वाध्यायनिरतसाधुपरमेष्ठीभ्योऽर्घम् ।

---

ભાવાર્થ :– ઉગ્ર અને શ્રેષ્ઠ તપથી સંસ્કારપ્રાપ્ત આત્માને જ્ઞાન, ધ્યાનમાં લીન રાખવાવાળા મુક્તિલક્ષ્મી સુખના સાધક સાધુ પરમેષ્ઠીની હું પૂજ્યપદની પ્રાપ્તિ માટે પૂજા કરું છું. આ રીતે ઘોર તપથી સંસ્કારપ્રાપ્ત ધ્યાન, સ્વાધ્યાયમાં સાવધાન સાધુ પરમેષ્ઠીને અર્ધ્ય ચડાવવો જોઈએ. ।।૧।।૫।।

भावार्थ :– उग्र और श्रेष्ठ तप से संस्कार प्राप्त आत्मा को ज्ञान-ध्यान में लीन रखने वाले, मुक्तिलक्ष्मी सुख के साधक साधुपरमेष्ठी की मैं पूज्यपद की प्राप्ति के लिए पूजा करता हूँ। इस प्रकार घोर तप से संस्कार प्राप्त ध्यान, स्वाध्याय में सावधान साधुपरमेष्ठी को अर्घ देना चाहिए। ॥०१॥०५॥

# अरहंत - मंगल

॥०१॥०६॥

अर्हन्नेवत्रिभुवनजनानंदनान्मंगलाग्र्यो।
विघ्नध्वंसं निजमतिकृतादस्त्रसंघोपनोदात् ।
संकुर्वंस्तत्प्रकृतिरपि नः स्पष्टमानंददायि-
न्येवं स्मृत्वा जलचरुफलैरर्चयामि त्रिवारं ।।

ॐ ह्रीं अर्हत्परमेष्ठीमङ्गलायाऽर्घम् ।

---

ભાવાર્થ :– અરિહંત પરમેષ્ઠી જ ત્રણ જગતના પ્રાણીઓને આનંદદાયી હોવાથી પરમ મંગલ છે. પોતાના જ્ઞાનશક્તિરૂપી અસ્ત્રના પ્રહારથી વિઘ્નોનો નાશ કરવાવાળા છે, જેમની વીતરાગ મુદ્રા જ અત્યંત આનંદ આપવાવાળી છે, હું તેમનું સ્મરણ કરીને જળ, ફળ આદિ અર્ધ્યથી ત્રણવાર પૂજા કરું છું. આ રીતે અરિહંત પરમેષ્ઠી મંગળને અર્ધ્ય ચડાવવો જોઈએ. ।।૧॥૬॥

भावार्थ :– अर्हंत परमेष्ठी ही तीन जगत् के प्राणियों को आनंद देने से परम मंगल हैं, अपने ज्ञानशक्तिरूप अस्त्र के प्रहार से विघ्नों का नाश करने वाले हैं, जिनकी वीतराग मुद्रा ही अत्यंत आनंद को देने वाली है, मैं उनका स्मरण करके जल फलादि अर्घ्य से तीन बार पूजा करता हूँ। । इस प्रकार अर्हंत परमेष्ठी मंगल को अर्घ देना चाहिए। ॥०१॥०६॥

# सिद्ध - मंगल

॥०१॥०७॥

**स्मारं स्मारं गुणगणमणिस्फारसामर्थ्यमुच्चै-**
**र्यत्प्राप्त्यर्थं प्रयतति जनो मोक्षतत्त्वेऽनवद्ये ।**
**प्रत्यूहान्तं भवभवगतानां विघ्नघातप्रक्लृप्त्यै**
**सिद्धानेव श्रुतिमतिबलादर्चये संविचार्य ।।**

**ॐ ह्रीं सिद्धमंगलेभ्योऽर्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :– આ સંસારી પ્રાણી જેમના ગુણરૂપી રત્નોના પ્રચુર સામર્થ્યથી સ્મરણ કરીને તેમની પ્રાપ્તિ માટે શ્રેષ્ઠ મોક્ષતત્ત્વમાં પ્રયત્ન કરે છે, હું સંસાર સંબંધી વિઘ્નોની નિવૃત્તિ માટે શાસ્ત્રબળથી સમ્યક્ વિચાર કરીને સિદ્ધ મંગળની પૂજા કરું છું. ।।૧।।૭।।

भावार्थ :– यह संसारी प्राणी जिनके गुणरूपी रत्नों का प्रचुर सामर्थ्य से स्मरण करके उनकी प्राप्ति के लिए श्रेष्ठ मोक्ष तत्त्व में प्रयत्न करता है, मैं संसार संबंधी विघ्नों की निवृत्ति के लिए शास्त्र बल से सम्यक् विचार कर सिद्ध मंगल की पूजा करता हूँ। ॥०१॥०७॥

# साधु - मंगल

॥०१॥०८॥

रागद्वेषोरगपरिशमे मंत्ररूपस्वभावा
मित्रे शत्रौ समकृतहृदानंदमांगल्यरूपाः ।
येषां नामस्मरणमपि सन्मंगलं मुक्तिदायी–
त्यर्चे यज्ञं वसुविधविधिप्रीणनैः प्राणिपूज्यं ।।

ॐ ह्रीं साधु मंगलायाऽर्घम् ।

ભાવાર્થ :– રાગ - દ્વેષરૂપ સર્પનો ઉપશમ કરવામાં મંત્ર સ્વભાવવાળા, શત્રુ અને મિત્રમાં સમાન હૃદયવાળા, આનંદ અને મંગળરૂપ જેમના મંગળ નામનું સ્મરણ જ મુક્તિ આપવાવાળું છે એવા પ્રાણીમાત્રથી પૂજ્ય સાધુ મંગળને આ યજ્ઞમાં પૂજા કરું છું. ।।૧।।૮।।

भावार्थ :– राग-द्वेष रूप सर्प के उपशम करने में मंत्र स्वभाव वाले, शत्रु और मित्र में समान हृदय वाले आनंद और मंगलरूप जिनका मंगल नाम का स्मरण ही मुक्ति को देनेवाला है ऐसे प्राणी मात्र से पूज्य साधु मंगल की इस यज्ञ में पूजा करता हूँ। ॥०१॥०८॥

# धर्म - मंगल

॥०१॥०९॥

**मूर्च्छा मूर्च्छा गुरुलघुभिदा द्वैधवर्त्मप्रदिष्टो**
**जैनो धर्मः सुरशिवगृहद्वारदर्शी नितांतं ।**
**सेव्यो विघ्नप्रहणनविधावुत्तमार्थेः प्रशस्तः**
**संपूजेऽहं यजनमननोद्दामसिद्ध्यर्थमहयं ।।**

ॐ ह्रीं केवलीप्रज्ञप्तधर्ममंगलायाऽर्घम् ।

---

ભાવાર્થ :– મૂર્છાનો ત્યાગ અને એકદેશ મૂર્છાના ભેદથી જિનધર્મ સંબંધી માર્ગ ક્રમશઃ સ્વર્ગ અને મોક્ષના દ્વારને દેખાડવાવાળો છે. તેથી વિઘ્નોના નાશની વિધિમાં ઉત્તમાર્થ મોક્ષની પ્રાપ્તિ માટે હું યજ્ઞવિધાનની સિદ્ધિ માટે પૂજા કરું છું. ।।૧।।૯।।

भावार्थ :– मूर्छा का त्याग और एक देश मूर्छा के भेद से जिनधर्म संबंधी मार्ग क्रमश: स्वर्ग और मोक्ष के द्वार को दिखानेवाला है अत: विघ्नों के नाश की विधि में उत्तमार्थ मोक्ष की प्राप्ति के लिए मैं यज्ञ विधान की सिद्धि के लिए पूजा करता हूँ। ॥०१॥०९॥

# अरहंत - उत्तम

॥०१॥१०॥

**येषां पादस्मृतिसुखसुधायोगतस्तीर्थनाम**
**प्रापुः पुण्यं यदवनतिना जन्मसार्थं लभंते ।**
**लोकाधात्र्यां वनगिरिभुवश्चोत्तमत्वं जिनेंद्रा-**
**नर्चे यज्ञप्रसवविधिषु व्यक्तये मुक्तिलक्ष्म्या: ॥**

**ॐ ह्रीं अर्हल्लोकोत्तमेभ्योऽर्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :– જેમના ચરણોના સુખામૃતમય યોગથી વન, પર્વતની પૃથ્વી પવિત્ર તીર્થ કહેવાય છે, જેમના નમસ્કાર, દર્શન આદિથી પ્રાણી પોતાના જન્મને સાર્થક અને ઉત્તમ માને છે એવા જિનેન્દ્રની હું મુક્તિની પ્રગટતા માટે યજ્ઞની પ્રારંભિક વિધિમાં પૂજા કરું છું. ।।૧।।૧૦।।

भावार्थ :– जिनके चरणों के सुख अमृत के योग से वन, पर्वत की पृथ्वी पवित्र तीर्थ कहलाती है, जिनके नमस्कार दर्शन आदि से प्राणी अपने जन्म को सार्थक व उत्तम मानते हैं, ऐसे जिनेन्द्र की मैं मुक्ति की प्रकटता के लिए यज्ञ की प्रारंभिक विधि में पूजा करता हूँ। ॥१॥१०॥

# सिद्ध - उत्तम

॥०१॥११॥

दृष्टिज्ञानप्रतिभटतया कर्ममीमांसयाऽन्यान्
श्वभ्रे संपादयति विविधा वेदना: संकरोति ।
तेषां मूलं निविडपरमज्ञानखड्गेन हत्वा
नि:कर्मत्वं समधिगतवानर्च्यते सिद्धनाथ: ।।

ॐ ह्रीं सिद्धलोकोत्तमायाऽर्घम् ।

---

ભાવાર્થ :– આ કર્મ સમ્યગ્દર્શન-જ્ઞાનનો વેરી છે, તે જીવોને નરક પ્રાપ્ત કરાવીને અનેક પ્રકારની વેદના આપે છે. સિદ્ધ પરમેષ્ઠીએ જ્ઞાનરૂપ ખડગથી તે કર્મોના મૂળ રાગ-દ્વેષને નષ્ટ કરી નિષ્કર્મ અવસ્થાને પ્રાપ્ત કરી લીધી છે તેથી આપણે તેમની પૂજા કરીએ છીએ. ।।૧।।૧૧।।

भावार्थ :– यह कर्म सम्यग्दर्शन-ज्ञान का वैरी है यह जीवों को नरक प्राप्त कराके नाना प्रकार की वेदना देता है, सिद्ध-परमेष्ठी ने ज्ञानरूप खड्ग से उन कर्मों के मूल राग-द्वेष को नष्ट कर निष्कर्म अवस्था को प्राप्त कर लिया है, इसलिए हम उनकी पूजा करते है। ॥१॥११॥

# साधु - उत्तम

॥०१॥१२॥

सूर्याचंद्रौ मरुदधिपतिर्भूमिनाथोऽसुरेंद्रो
यस्यांघ्र्यब्जे प्रणतशिरसा लोलुठीति त्रिशुद्धया ।
सोऽयं लोके प्रवरगणनापूजित: किं न वा स्याद्
यस्मादर्चे मुनिपरिवृढं स्वानुभावप्रसत्त्या ।।

ॐ ह्रीं साधुलोकोत्तमेभ्योऽर्घम् ।

---

ભાવાર્થ :– લોકમાં સૂર્ય, ચંદ્ર, દેવેન્દ્ર, ચક્રવર્તી તથા અસુરેન્દ્ર દ્વારા મન - વચન - કાયાથી સાધુના ચરણકમળ જો પૂજનીય છે તો અન્ય દ્વારા પૂજનીય કેમ ન હોય? તેથી કલ્યાણની પ્રાપ્તિ માટે હું મુનિવરની પૂજા કરું છું. ।।૧।।૧૨।।

भावार्थ :– लोक में साधु के चरणकमल जब सूर्य-चन्द्रमा, देवेन्द्र, चक्रवर्ती तथा असुरेन्द्र के द्वारा मन, वचन, काय से पूजनीय हैं तब अन्य के द्वारा पूजनीय क्यों नहीं होंगे ? अत: कल्याण की प्राप्ति के लिए मैं मुनिवर की पूजा करता हूँ। ॥१॥१२॥

# धर्म - उत्तम

॥०१॥१३॥

**यत्र प्राणिप्रवरकरुणा यत्र मिथ्यात्वनाशो**
**यत्रोपांते शिवपदसमान्वेषणां कामनष्टि: ।**
**यत्र प्रोक्ता दुरितविरति: सोयमग्र् कथं न**
**यस्माद् धर्मो निखिलहितकृत् पूज्यतेऽसौ मयाऽपि ।।**

**ॐ ह्रीं केवलिप्रज्ञप्तधर्मलोकोत्तमायार्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :– જેમના દ્વારા પ્રાણીઓની ઉત્તમ દયા છે, મિથ્યાત્વનો નાશ છે, અંતમાં મોક્ષમાર્ગનું અન્વેષણ છે, કામનો નાશ છે તથા પાપોથી પૂર્ણ વૈરાગ્ય - ઉપદેશ છે, તે જ ધર્મ સમસ્ત પ્રાણીઓને હિતકર્તા છે. તેથી તે શ્રેષ્ઠ કેમ ન હોય? હું પણ તે ધર્મની પૂજા કરું છું. ।।૧।।૧૩।।

भावार्थ :– जिसके द्वारा प्राणियों की उत्तम दया है, मिथ्यात्व का नाश है, अंत में मोक्षमार्ग का अन्वेषण है, काम का नाश है तथा पापों से पूर्ण विरति उपदेश है, वही धर्म समस्त प्राणियों का हितकर्ता है अत: वह श्रेष्ठ कैसे नहीं है ? मैं भी उस धर्म की पूजा करता हूँ। ॥१॥१३॥

# अरहंत- शरण

॥०१॥१४॥

**जीवाजीवद्विविधशरणान्वेषणे स्थैर्यभंगं**
**ज्ञात्वा त्यक्त्वाऽन्यतरशरणं नश्वरं मद्विधानां ।**
**इंद्रादीनामितिपरिचयादात्मरत्नोपलब्धि–**
**मिष्टै: प्राप्तुं निचितमनसा पूज्यतेऽर्हन् शरण्य: ।।**

**ॐ ह्रीं अर्हच्छरणेभ्योऽर्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :– જીવ અને અજીવરૂપ બંન્ને પ્રકારના શરણને સમજતાં, મારા માટે ઈન્દ્ર આદિનું શરણ પણ નશ્વર હોવાથી અન્ય સર્વે શરણને નશ્વર જાણીને તેમને છોડું છું. આ પ્રકારના પરિચયથી આત્મરત્નની ઉપલબ્ધિ થાય છે એટલે ઈષ્ટની પ્રાપ્તિ માટે દ્રઢ મનથી હું અરિહંત શરણની પૂજા કરું છું. ।।૧।।૧૪।।

भावार्थ :– जीव और अजीव रूप दोनों प्रकार की शरण का अन्वेषण अन्यतर शरण को नश्वर जानकर एवं उन्हें छोड़कर मुझ जैसे के लिए अन्य इन्द्र आदि की शरण भी नश्वर है । इस प्रकार के परिचय से आत्मरत्न की उपलब्धि होती है अत: इष्ट की प्राप्ति के लिए दृढ़ मन से मैं अर्हंत शरण की पूजा करता हूँ। ॥१॥१४॥

# सिद्ध - शरण

॥०१॥१५॥

**यावद्देहे स्थितिरुपचय: कर्मणामास्रवेण**
**तावत्सौख्यं कुत उपलभेऽतस्ततस्त्रोटनेच्छु: ।**
**एतत्कृत्यं न भवति विना सिद्धभक्तिं यतो मे**
**पूर्णार्घौघप्रयजनविधावाश्रितोऽहं शरण्यम् ।।**

**ॐ ह्रीं सिद्धशरणायार्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :– જ્યાં સુધી આત્મા દેહમાં સ્થિત છે, આસ્રવ દ્વારા કર્મોનું આગમન છે, ત્યાં સુધી હું સુખી કઈ રીતે થઈ શકું? હું આ કર્મ પરંપરાને તોડવા ઇચ્છું છું. પરંતુ આ કાર્ય સિદ્ધભક્તિ વિના સંભવ નથી. તેથી સમસ્ત કર્મો ઉપર વિજય પ્રાપ્ત કરવાની પ્રક્રિયામાં મેં સિદ્ધોનું શરણ પ્રાપ્ત કરેલ છે. ।।૧।।૧૫।।

भावार्थ :– जब तक आत्मा देह में स्थित है, आस्रव द्वारा कर्मों का आगमन है, तब तक मैं सुखी कैसे हो सकता हूँ ? मैं इस कर्म परम्परा को तोड़ना चाहता हूँ। किन्तु यह कार्य सिद्धभक्ति के बिना संभव नहीं है। अत: समस्त कर्मों पर विजय प्राप्त करने की प्रक्रिया में मैं सिद्धों की शरण को प्राप्त हुआ हूँ। ॥१॥१५॥

# साधु - शरण

॥०१॥१६॥

**रागद्वेषव्यपगमनतो निःस्पृहा धीरवीराः**
**संसाराब्धौ विषमगहने मज्जतां निर्निमित्तं ।**
**दत्त्वा धर्मोद्धरणतरणिं पारयंतो मुनीशा-**
**स्तानर्घेण स्थिरगुणधिया प्रांचयामि त्रिगुप्त्या ।**

**ॐ ह्रीं साधुशरणेभ्योऽर्घम्**

---

ભાવાર્થ :– રાગ - દ્વેષના અભાવના કારણે જે નિસ્પૃહ અને ધીર-વીર છે તથા વિષમ અને ઊંડા સંસારરૂપી સમુદ્રમાં ડૂબતાં પ્રાણીઓને નિસ્પૃહભાવથી ધર્મરૂપી શ્રેષ્ઠ જહાજનું અવલંબન આપીને પાર ઉતારનારા મુનિઓની હું ધીર-ગુણરૂપ બુદ્ધિથી ત્રિગુપ્તિપૂર્વક પૂજા કરું છું. ।।૧।।૧૬।।

भावार्थ :– राग-द्वेष के अभाव से जो निष्पृह व धीर-वीर हैं, तथा विषम और गहरे संसाररूपी समुद्र में डूबनेवाले प्राणियों को निष्पृह भाव से धर्मरूपी श्रेष्ठ जहाज का अवलम्बन देकर पार करनेवाले मुनियों की मैं स्थिर गुणरूप बुद्धि से त्रिगुप्तिपूर्वक पूजा करता हूँ। ॥१॥१६॥

# धर्म- शरण

॥०१॥१७॥

मित्रं सम्यक् परभवयथाचक्रमे सार्थदायि
नान्यो धर्माद्-दुरितदहनप्लोषणेऽबुप्रवाहः ।
जानंतं मां समदृशिधियां संनिधानाच्छरण्य
त्रायस्व त्वं त्वयि धृतिगतिं पूजनार्घेण युक्तं ।।

ॐ ह्रीं धर्मशरणायार्घम् ।

---

ભાવાર્થ :– પરભવમાં સાથે ચાલવા માટે ધર્મ સારો મિત્ર અને સાથ દેવાવાળો છે. એના સિવાય અન્ય કોઈ પાપરૂપી દાવાનળને શાંત કરવા માટે જળ પ્રવાહ નથી તથા રત્નત્રયવાળાઓને શરણભૂત અને પૂજનના અર્ધ્યથી યુક્ત, હે ધર્મ! મારી રક્ષા કરો! ।।૧।।૧૭।।

भावार्थ :– धर्म परभव में साथ चलने के लिए अच्छा मित्र एवं साथ देने वाला है, इसके अलावा अन्य कोई पापरूपी दावानल को शान्त करने के लिए जल प्रवाह नहीं है तथा रत्नत्रय वालों की शरण भूत एवं पूजन के अर्घ से युक्त हे धर्म! मेरी रक्षा करो। ॥१॥१७॥

# सामूहिक अर्घ

॥०१॥१८॥

सर्वनितान् तत्त्वचंद्रप्रमाणान्-
जापध्यानस्तोत्रमंत्रैरुदर्च्य ।
द्रव्यक्षेत्रस्फूर्तिसज्जावकाशं,
नत्वार्घेण प्रांशुना संस्मरामि ।।

ॐ ह्रीं अर्हत्परमेष्ठीप्रभृतिधर्मशरणांतप्रथमवलयस्थितसप्तदश जिनाधीश यज्ञदेवताभ्योऽर्घम् ।

ભાવાર્થ :– અરિહંત, સિદ્ધ આદિ પાંચ, ચાર મંગલ, ચાર ઉત્તમ, ચાર શરણરૂપ આ સત્તર મંત્રોની જપ, ધ્યાન, સ્તોત્ર મંત્રોથી પૂજા કરીને; દ્રવ્ય, ક્ષેત્ર, કાળ, ભાવ અનુસાર નમસ્કાર કરીને, મહા અર્ઘથી સ્મરણ-પૂજન કરું છું. ।।૧।।૧૮।।

भावार्थ :– अरिहंत, सिद्ध आदि पांच, चार मंगल, चार उत्तम, चार शरण रुप - उन 17 मंत्रो का जो जप, ध्यान, स्त्रोत मंत्रो से पूजा कर; द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव के अनुसार नमस्कार करके, विस्तीर्ण अर्घ से स्मरण-पूजन करता हूँ ॥१॥१८॥

# द्वितीय वलय परिचय

**वलय में अर्घ्य की संख्या :** २५ (भूतकाल के २४ तीर्थंकर के २४ अर्घ्य और १ समुच्चय अर्घ्य)

**वलय का विषय एवं संक्षिप्त परिचय :** इस वलय में भरतक्षेत्र के भूतकाल के २४ तीर्थंकर भगवंतों की पूजन की है। भूतकाल के श्री निर्वाण से लेकर श्री अनन्तवीर्य तीर्थंकर तक जो सर्वज्ञ और वीतरागी भगवान हुए है, उन प्रत्येक तीर्थंकर को अर्घ्य समर्पित किया गया है।

**वलय एवं अर्घ्य का दृशिकरण :** श्री आदिनाथ भगवान के निर्वाण के बाद भरत चक्रवर्ती ने ९ निधि में से नैसर्प निधि से कैलाश पर्वत पर ७२ जिनालय की रचना की थी। यहाँ पर हमने कैलाश पर्वत और तीन चौबीसी के ७२ जिनालय का दिव्य दृशीकरण देवों द्वारा रचित दर्शाने की काल्पनिक भावनात्मक कोशिश की है। इन प्रत्येक जिनालयों में सोनगढ़ के अध्यात्ममूर्ति पूज्य गुरुदेवश्री कानजीस्वामी के पवित्र करकमल से प्रतिष्ठीत एवं उनके प्रभावना योग मैं स्थापित जिन प्रतिमाओं को दर्शाया गया है।

# निर्वाण जी

॥०२॥०१॥

**निर्वाणदेवं श्रितभव्यलोकं निर्वाणदातारमनंतसौख्यं ।**
**संपूजयेऽहं मखसिद्धिहेतोरधीश्वरं प्राथमिकं जिनेंद्रं ।।**

**ॐ ह्रीं निर्वाणजिनायार्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :- હું યજ્ઞની સિદ્ધિ માટે આશ્રિત ભવ્ય લોકને નિર્વાણના દાતા અને અનંત સુખના ઈશ્વર, પ્રથમ નિર્વાણદેવ જિનેન્દ્રની પૂજા કરુ છું. ॥૦૨॥૦૧॥

भावार्थ :- मैं यज्ञ की सिद्धि के लिए, आश्रित भव्य लोक को निर्वाण के दाता और अनंत सुख के ईश्वर प्रथम निर्वाणदेव जिनेन्द्र की पूजा करता हूँ। ॥०२॥०१॥

# सागर जी

॥०२॥०२॥

**श्रीसागरं वीतममत्वरागद्वेषं कृताशेषजनप्रसादं ।**
**समर्चये नीरचरुप्रदीपैदरुद्दीपिताशेषपदार्थमालं ।।**

ॐ ह्रीं सागरजिनायार्घम् ।

---

ભાવાર્થ :- જેમને મમત્વ તથા રાગ-દ્વેષનો અભાવ થઈ ગયો છે, જેમણે બધા પ્રાણીઓ ઉપર પ્રસન્નતા કરી છે, સમસ્ત પદાર્થોને જાણવાવાળા શ્રીમાન સાગર જિનેન્દ્રની હું જળ, ચંદન, નૈવેદ્ય, દીપક આદિથી પૂજા કરું છું.॥૦૨॥૦૨॥

भावार्थ :- जिनके ममत्व तथा राग-द्वेष का अभाव हो गया है, जिन्होंने सब प्राणियों पर प्रसन्नता की है, समस्त पदार्थों को जाननेवाले श्रीमान् सागर जिनेन्द्र की मैं जल, चंदन, नैवेद्य, दीपक आदि से पूजा करता हूँ। ॥०२॥०२॥

# महासाधु जी

॥०२॥०३॥

**श्रीमन्महासाधुजिनं प्रमाणनयप्रमाणीकृतजीवतत्त्वं ।**
**स्याद्वादभंगप्रणिधानहेतुं समर्चये यज्ञविधानसिद्धये ।।**

**ॐ ह्रीं महासाधुजिनायार्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :– પ્રમાણ તથા નયોથી જેમણે જીવ તત્ત્વને નિશ્ચિત કર્યું છે તથા સ્યાદ્વાદભંગના પ્રણયનના કારણભૂત શ્રીમાન મહાસાધુ જિનેન્દ્રની હું યજ્ઞવિધાનની સિદ્ધિ માટે પૂજા કરું છું. ॥૦૨॥૦૩॥

भावार्थ :– प्रमाण तथा नयों से जिन्होंने जीवतत्त्व को निश्चित किया है तथा स्याद्वाद भंग के प्रणयन के कारणभूत श्रीमान् महासाधु जिनेन्द्र की मैं यज्ञ विधान की सिद्धि के लिए पूजा करता हूँ। ॥०२॥०३॥

# विमलप्रभ जी

॥०२॥०४॥

**यस्यातिसाज्ज्ञानविशालदीपे प्रभासमानं जगदल्पसारं ।**
**विलोक्यते सर्षपवत् कराग्रे समर्चयेऽहं विमलप्रभाख्यं ॥**

**ॐ ह्रीं विमलप्रभायार्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :– જેમની સમીચીન જ્ઞાનમય વિશાળ દીપકમાં આ અલ્પસારવાળું જગત હાથના અગ્ર ભાગમાં સરસોના દાણા જેવડું જણાય છે એવા વિમલપ્રભ જિનેન્દ્રદેવની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૨॥૦૪॥

भावार्थ :– जिनके समीचीन ज्ञानमय विशाल दीपक में यह अल्प सारवाला जगत हाथ के अग्रभाग में सरसों की तरह भासमान होता है, उन विमलप्रभ जिनेन्द्र देव की मैं पूजा करता हूँ। ॥०२॥०४॥

# शुद्धाभदेव जी

॥०२॥०५॥

**समाश्रितानां मनसो विशुद्धयै कृतावतारं मुनिगीतकीर्तिं।**
**प्रणम्य यज्ञेऽहमुदंचयामि शुद्धाभदेवं चरुभिः प्रदीपैः ।।**

**ॐ ह्रीं शुद्धाभदेवायार्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :– આશ્રિત ભવ્યોના મનની વિશુદ્ધિ માટે જેમણે અવતાર લીધો છે તથા મુનિઓ દ્વારા જેમની કીર્તિ ગાવામાં આવી છે એવા શુદ્ધાભદેવની હું નૈવેદ્ય તથા દીપકથી નમસ્કાર પૂર્વક પૂજા કરું છું. ॥૦૨॥૦૫॥

भावार्थ :– आश्रित भव्यों के मन की विशुद्धि के लिए जिन्होंने अवतार लिया है तथा मुनियों के द्वारा जिनकी कीर्ति गायी गयी है ऐसे शुद्धाभदेव की मैं नैवेद्य तथा दीपकादि से नमस्कार पूर्वक पूजा करता हूँ। ॥०२॥०५॥

# श्रीधर जी

॥०२॥०६॥

**लक्ष्मीद्वयं बाह्यगतांतरंगभेदात् पदाग्रे विलुलोठ यस्य ।**
**यस्मात् सदा श्रीधरकीर्तिमापत्तमर्चयेदाश्रितभव्यसार्थं ।।**

**ॐ ह्रीं श्रीधरायार्घम् ।**

---

**ભાવાર્થ :– જેમના ચરણોમાં અંતરંગ બહિરંગ લક્ષ્મીનો નિવાસ હોવાથી જેમને શ્રીધર નામ પ્રાપ્ત થયું છે તથા ભવ્યોએ જેમનો આશ્રય લીધો છે એવા શ્રીધરદેવની હું પૂજા કરુ છું. ॥૦૨॥૦૬॥**

**भावार्थ :– जिनके चरणों में अन्तरंग-बहिरंग लक्ष्मी निवास होने से जिन्हें श्रीधर नाम प्राप्त हुआ है, भव्यों ने जिनका आश्रय लिया है ऐसे श्रीधरदेव की मैं पूजा करता हूँ। ॥०२॥०६॥**

# श्रीदत्त जी

॥०२॥०७॥

**श्रियं ददातीह सुभक्तिभाजां वृंदाय यस्मादिह नामजातं ।**
**श्रीदत्तदेवं भवभीतिमुक्त्यै यजामि नित्याद्भुतधामलक्ष्म्यै ।।**

**ॐ ह्रीं श्रीदत्त जिनायार्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :– સંસારમાં સમીચીન ભક્તિથી ભજન કરનારને જેઓ શ્રી ભાવાર્થાત્ આત્મલક્ષ્મી આપે છે, તેથી તેમનું નામ શ્રીદત્ત સાર્થક થયું છે તેથી હું સંસારના ભયની નિવૃત્તિ માટે તથા નિત્ય અદભુત મોક્ષલક્ષ્મીના ધામની પ્રાપ્તિ માટે શ્રીદત્ત જિનની પૂજા કરુ છું. ॥૦૨॥૦૭॥

भावार्थ :– संसार में समीचीन भक्ति से भजने वालों के लिए जो श्री अर्थात् आत्म (आत्मलक्ष्मी) लक्ष्मी को देते हैं इसलिए उनका श्रीदत्त नाम सार्थक हुआ है, अत: मैं संसार के भय की निवृत्ति के लिए तथा नित्य अदभुत मोक्षलक्ष्मी के धाम की प्राप्ति के लिए, श्रीदत्तजिन की पूजा करता हूँ। ॥०२॥०७॥

# सिद्धाभदेव जी

॥०२॥०८॥

**सिद्धाप्रभांगस्य विसर्पिणी तन्मध्येजनुः सप्तकदर्शनेन ।**
**सम्यग्विशुद्धिर्मनसो यतस्त्वां सिद्धाभ ! यज्ञेऽर्चयितुं समीहे ॥**

**ॐ ह्रीं सिद्धाभजिनायार्घम् ।**

---

**ભાવાર્થ :– જેમના આભામંડળની વિસ્તીર્ણ પ્રભામાં પ્રાણીઓના સાત ભવ દેખાવાથી મનની સમ્યક્ વિશુદ્ધિ થાય છે એવા સિદ્ધાભદેવ જિનની પૂજાની ઇચ્છા કરું છું. ॥૦૨॥૦૮॥**

**भावार्थ :– जिनके आभामण्डल की विस्तीर्ण प्रभा में प्राणियों के सात भव दिखने से मन की सम्यक् विशुद्धि होती है मैं ऐसे सिद्धाभदेवजिन की पूजा की इच्छा करता हूँ। ॥०२॥०८॥**

# अमलप्रभ जी

॥०२॥०९॥

**प्रभामतिः शक्तिरनेकधा हि सद्ध्यानलक्ष्म्या यत उत्तमार्थैः ।**
**संगीयते त्वं ह्यमलां विभर्षि यतोऽर्चये त्वाममलप्रभाख्यं ॥**

**ॐ ह्रीं अमलप्रभजिनायार्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :– પ્રભા, બુદ્ધિ, શક્તિ આદિ સદ્-ધ્યાનરૂપી લક્ષ્મીના અનેક નામ છે. તેથી મોક્ષની કામના રાખનારા ઉત્તમ પુરુષો દ્વારા શુક્લધ્યાનને પ્રાપ્ત આપના ગુણોનું ગાન કરવામાં આવે છે, તેથી નિર્મળપ્રભાના ધારક અમલપ્રભદેવની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૨॥૦૯॥

भावार्थ :– प्रभा, बुद्धि, शक्ति इत्यादि सद्-ध्यानरूपी लक्ष्मी के अनेक नाम हैं इसलिए मोक्ष की कामना रखनेवाले उत्तम पुरुषों के द्वारा शुक्लध्यान को प्राप्त आपके गुणों को गान किया जाता है अत: निर्मल प्रभा के धारक अमलप्रभदेव की मैं पूजा करता हूँ। ॥०२॥०९॥

# उद्धार जी

॥०२॥१०॥

**अनेकसंसारगतं भ्रमेभ्य उद्धारकर्तेति बुधैरवादि ।**
**यतो मम भ्रांतिमपाकुरु त्वमुद्धारदेव प्रयजे भवंतं ।।**

**ॐ ह्रीं उद्धारजिनायार्घम् ।**

---

**ભાવાર્થ :– જ્ઞાનીજનોએ કહ્યું કે સંસારના ભ્રમને પ્રાપ્ત અનેક પ્રાણીઓના આપ ઉદ્ધારકર્તા છો તેથી હે ઉદ્ધારજિન! આપ મારી પણ ભ્રાંતિ દૂર કરો. હું આપની ભક્તિભાવથી પૂજા કરું છું. ॥૦૨॥૧૦॥**

**भावार्थ :– ज्ञानीजनों ने कहा कि आप संसार के भ्रम को प्राप्त अनेक प्राणियों के उद्धार कर्ता हैं इसलिए हे उद्धारजिन ! आप मेरी भी भ्रान्ति दूर करो, मैं आपकी भक्तिभाव से पूजा करता हूँ। ॥०२॥१०॥**

# अग्निदेव जी

॥०२॥११॥

**दुष्टाष्टकर्मेंधनदाहकर्ता यतोऽग्निनामाभ्युदितं यथार्थम् ।**
**ततो ममासाततृणव्रजेऽपि तिष्ठार्चये त्वां किमु पौनरुक्ते ॥**

**ॐ ह्रीं अग्निदेवजिनायार्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :– હે ભગવાન! દુષ્ટ અષ્ટ કર્મરૂપ ઇંધનને બાળવા માટે આપ અગ્નિ સમાન હોવાથી અગ્નિદેવ નામ સાર્થક છે, આપ મારા અશાતાકર્મરૂપી તૃણના સમૂહમાં અગ્નિ બનીને બિરાજો. આપ સર્વજ્ઞ હોવાથી વારંવાર કહેવાની આવશ્યકતા નથી. હું આપની પૂજા કરું છું.॥૦૨॥૧૧॥

भावार्थ :– हे भगवन् ! आप दुष्ट आठ कर्मरूप ईंधन को जलाने के लिए; अग्नि के समान हो इसलिए अग्निदेव नाम सार्थक है, आप मेरे असाता कर्मरूपी तृण के समूह में अग्नि बनकर बैठो। आप सर्वज्ञ हैं इसलिए बार-बार कहने की आवश्यकता नहीं है मैं आपकी पूजा करता हूँ। ॥०२॥११॥

# संयम जी

॥०२॥१२॥

**प्राणेंद्रियद्वैधसुसंयमस्य दातारमुच्चैः कथयामि सार्व ।**
**मद्दत्तमर्घं जिन संगृहाण सुसंयमं स्वीयगुणं प्रदेहि ।।**

**ॐ ह्रीं संयमजिनायार्घम् ।**

---

**ભાવાર્થ :– હે બધાનું હિત કરનાર જિન! પ્રાણીસંયમ અને ઇન્દ્રિયસંયમના ભેદથી બે પ્રકારનું સંયમ મને પ્રદાન કરો. હું આપને વિનયપૂર્વક નિવેદન કરું છું. આપ મારા દ્વારા સમર્પિત અર્ઘ્યને ગ્રહણ કરો અને આપના ઉત્કૃષ્ટ સંયમરૂપી ગુણ મને પ્રદાન કરો. ॥૦૨॥૧૩॥**

**भावार्थ :– हे सबका हित करने वाले जिन ! प्राणी संयम और इन्द्रिय संयम के भेद से दो प्रकार का संयम मुझे प्रदान करो, मैं आपसे विनयपूर्वक निवेदन करता हूँ। आप मेरे द्वारा समर्पित अर्घ को ग्रहण करो और अपने उत्कृष्ट संयमरूपी गुण मुझे प्रदान करो। ॥०२॥१२॥**

# शिव जी

॥०२॥१३॥

**स्वयं शिव: शाश्वतसौख्यदायी**
**स्वायंप्रभु: स्वात्मगुणप्रपन्न:।**
**तस्मात्तदर्थप्रतिपन्नकाम**
**स्त्वामर्चये प्रांजलिना नतोऽस्मि ।।**

**ॐ ह्रीं शिवजिनायार्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :– હે ભગવાન! આપ શિવરૂપ છો, શાશ્વત સુખ આપનાર છો, આપ સ્વયં પ્રભુ છો, કારણ કે આત્મગુણોને પ્રાપ્ત છો. તેથી મોક્ષસુખ અને આત્મગુણોની પ્રાપ્તિ માટે હું હાથ જોડીને નમસ્કાર કરીને આપની પૂજા કરું છું. ॥૦૨॥૧૪॥

भावार्थ :– हे भगवन् ! आप शिवरूप हैं, शाश्वत सुख को देने वाले हैं, आप स्वयं प्रभु हैं क्योंकि आत्मगुणों को प्राप्त हैं इसलिए मोक्षसुख एवं आत्म गुणों की प्राप्ति के लिए मैं हाथ जोड़कर नमस्कार करके आपकी पूजा करता हूँ। ॥०२॥१३॥

# पुष्पांजलि जी

॥०२॥१४॥

**सत्कुंदमल्ली-जलजादिपुष्पै**
**रभ्यर्च्यमान: श्रियमादधाति ।**
**नाम्नाऽप्यसौ तादृश एव यस्मात्**
**पुष्पांजलिं त्वां प्रतिपूजयामि ।।**

ॐ ह्रीं पुष्पांजलिजिनायार्घम् ।

---

ભાવાર્થ :– હે ભગવાન! કુંદ, માલતી, કમળ આદિ પુષ્પોથી પૂજા કરવાથી આપ લક્ષ્મી આપો છો તેમજ યથાનામ તથા ગુણ છો તેથી પુષ્પાંજલિથી હું આપની પૂજા કરુ છું. ॥૦૨॥૧૪॥

भावार्थ :– हे भगवन ! कुन्द, मालती, कमल आदि पुष्पों से पूजा करने से आप लक्ष्मी को देते हैं, तथा यथानाम तथा गुण हैं, इसलिए पुष्पांजलि से मैं आपकी पूजा करता हूँ। ॥०२॥१४॥

# उत्साह जी

॥०२॥१५॥

**उत्साहयन् ज्ञानधनेश्वराणां,**
**शाम्याम्बुधिं संयमचंद्रकीर्तेः ।**
**उत्साहनाथो यजनोत्सवेऽस्मिन्,**
**संपूजितो मे स्वगुणं ददातु ।।**

**ॐ ह्रीं उत्साहजिनायार्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :– જ્ઞાનધનના સ્વામી, સંયમરૂપી ચંદ્રમાની કીર્તિથી સામ્યભાવરૂપી સમુદ્રને વધારનારા હે ઉત્સાહ જિન! હું આપના આ યજ્ઞોત્સવમાં પૂજા કરું છું. આપ મને આપના ગુણ પ્રદાન કરો. ॥૦૨॥૧૫॥

भावार्थ :– ज्ञान धन के स्वामी संयमरूपी चन्द्रमा की कीर्ति से साम्यभाव रूपी समुद्र को बढ़ाने वाले, हे उत्साह जिन ! मैं आपकी इस यज्ञ उत्सव में पूजा करता हूँ। आप मुझे अपने गुण प्रदान करो। ॥०२॥१५॥

# परमेश्वर जी

॥०२॥१६॥

**नमोऽस्तु नित्यं परमेश्वराय कृपा यदीया क्षणसंनिधानात्।**
**करोति चिंतामणिरीप्सितार्थमिवांचये तं परमेश्वराख्यं ।।**

**ॐ ह्रीं परमेश्वरजिनायार्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :– હે પરમેશ્વર! આપને નિત્ય નમસ્કાર હો. આપની કૃપા ક્ષણભરમાં ચિંતામણિ સમાન મનોરથોને પૂર્ણ કરનારી છે. તેથી હે પરમેશ્વર જિનેન્દ્ર! હું આપની પૂજા કરું છું. ॥૦૨॥૧૬॥

भावार्थ :– हे परमेश्वर ! आपको नित्य नमस्कार हो, आपकी कृपा क्षणभर में चिंतामणि के समान मनोरथों को पूर्ण करने वाली है अत: हे परमेश्वर जिनेन्द्र ! मैं आपकी पूजा करता हूँ। ॥०२॥१६॥

# ज्ञानेश्वर जी

॥०२॥१७॥

**यज्ज्ञानरत्नाकरमध्यवर्ति जगत्त्रयं बिंदुसमं विभाति ।**
**तं ज्ञानसम्राज्यपतिं जिनेंद्रं ज्ञानेश्वरं संप्रति पूजयामि ।।**

ॐ ह्रीं ज्ञानेश्वरजिनायार्घम् ।

---

ભાવાર્થ :– જેમના જ્ઞાનરૂપ સમુદ્રમાં ત્રણલોક બિંદુ સમાન શોભિત થાય છે એવા જ્ઞાનરૂપ સામ્રાજ્યના સ્વામી જ્ઞાનેશ્વર ભગવાનને વર્તમાનમાં પૂજું છું. ॥૦૨॥૧૭॥

भावार्थ :– जिनके ज्ञानरूप समुद्र में तीन लोक बिंदु के समान शोभित होता है ऐसे ज्ञानरूप साम्राज्य के स्वामी ज्ञानेश्वर भगवान को वर्तमान में पूजता हूँ। ॥०२॥१७॥

# विमलेश्वर जी

॥०२॥१८॥

**तपोवृहद्धानुसमूहतापकृतात्मनैर्मल्यमनिर्मलानाम् ।**
**अस्मादृशां तद्गुणमाददानं संपूजयामो विमलेश्वरं तं ।।**

**ॐ ह्रीं विमलेश्वर जिनायार्घम् ।**

---

**ભાવાર્થ :– વૃદ્ધિને પ્રાપ્ત તપરૂપી અગ્નિના તાપથી આત્માને નિર્મળ કરનારા અને મારા જેવા (વિકારી) ને નિર્મળતા પ્રદાન કરનારા વિમલ જિનેશ્વરની હું પૂજા કરુ છું. ॥૦૨॥૧૮॥**

**भावार्थ :– बढ़े हुए तपरूपी अग्नि के ताप से आत्मा को निर्मल करनेवाले एवं मुझ जैसे (विकारी) को निर्मलता प्रदान करनेवाले विमलेश्वरजिन की मैं पूजा करता हूँ। ॥०२॥१८॥**

# यशोधर जी

॥०२॥१९॥

**यश:प्रसारे सति यस्य विश्वं सुधामयं चंद्रकलावदातं ।**
**अनेकरूपं विकृतैकरूपं जातं समर्चे हि यशोधरेशं ।।**

**ॐ ह्रीं यशोधर जिनेशायार्घम् ।**

---

ભાવાર્થ :– જેમના ઉજ્જવળ યશના ફેલાવમાં સમસ્ત જગત અમૃતમય અને ચંદ્રમાની કળાઓ સમાન ઉજ્જવળ તથા અનેકરૂપ થઈને પણ સુકૃતરૂપ થઈ ગયા એવા યશોધરદેવની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૨॥૧૯॥

भावार्थ :– जिनके उज्जवल यश के फैलाव में सारा जगत अमृतमय एवं चन्द्रमा की कलाओं के समान उज्जवल तथा अनेक रूप होकर भी सुकृत रूप हो गया उन यशोधरदेव की मैं पूजा करता हूँ। ॥०२॥१९॥

# कृष्णमति जी

॥०२॥२०॥

**क्रोधस्मराशातविघातनाय संजाततीव्रक्रुधिवात्मनाम ।**
**प्राप्तं तु कृष्णेति नु शुद्धियोगात् तं कृष्णमर्चे शुचिताप्रपन्नं ।।**

**ॐ ह्रीं कृष्णमतये जिनायार्घम् ।**

---

**ભાવાર્થ :– કામ, ક્રોધની પીડાનો નાશ કરવા માટે જેમના આત્મામાં સમીચીન ક્રોધ ઉત્પન્ન થયો હોવાથી કૃષ્ણ નામ જેમને પ્રાપ્ત છે, શુદ્ધિના યોગથી જે નિર્મળતાને પ્રાપ્ત છે એવા કૃષ્ણમતિ જિનદેવની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૨॥૨૦॥**

**भावार्थ :– काम, क्रोध की पीड़ा को नाश करने के लिए जिनकी आत्मा में समीचीन क्रोध उत्पन्न हुआ है इसलिए कृष्ण नाम जिन्हें प्राप्त है, शुद्धि के योग से जो शुचिता को प्राप्त हैं, उन कृष्णमति जिनदेव की मैं पूजा करता हूँ। ॥०२॥२०॥**

# ज्ञानमति जी

॥०२॥२१॥

**ज्ञानं मतिर्भाव उपाश्रयादिरेकार्थ एव प्रणिधानयोगात् ।**
**ज्ञाने मतिर्यस्य समासजातेर्यथार्थनामानमहं यजामि ।।**

**ॐ ह्रीं ज्ञानमतये जिनायार्घम् ।**

---

**ભાવાર્થ :– જ્ઞાન, મતિ, ભાવ અને ઉપાશ્રય—આ બધા પ્રણિધાન ઉપયોગના યોગથી એકાર્થવાચી નામ છે. ભાવાર્થાત્ જ્ઞાનમાં છે મતિ જેમને એવો સમાસ કરવાથી જ્ઞાનમતિ કહેવાય છે, એવા સાર્થક નામવાળા જ્ઞાનમતિ જિનેન્દ્રની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૨॥૨૧॥**

**भावार्थ :– ज्ञान, मति, भाव और उपाश्रय ये सभी प्रणिधान उपयोग के योग से एकार्थ वाची नाम हैं । भावार्थात् ज्ञान में है मति जिसके वह समास करने से ज्ञानमति कहलाता है ऐसे सार्थक नामवाले ज्ञानमति जिनेन्द्र की मैं पूजा करता हूँ। ॥०२॥२१॥**

# शुद्धमति जी

॥०२॥२२॥

समस्यमानान्यपदार्थजातं धुरंधरं धर्मरथांगनेमिं ।
जिनेश्वरं शुद्धमतिं यजेत प्राप्नोति शुद्धां मतिमेव ना सः ।।

ॐ ह्रीं शुद्धमतये जिनायार्घम् ।

---

ભાવાર્થ :- સમસ્ત પદાર્થ સમૂહને જાણનારા અને ધર્મચક્રની ધુરાને ધારણ કરનારા શુદ્ધમતિ જિનની જે પૂજા કરે છે તે શુદ્ધમતિને જ પામે છે. માટે એવા શુદ્ધમતિ જિનની હું પૂજા કરુ છું. ॥૦૨॥૨૨॥

भावार्थ :- समस्त पदार्थ समूह को जानने वाले एवं धर्मचक्र की धुरा को धारण करने वाले शुद्धमतिजिन की जो पूजा करता है वह शुद्धमति को ही पाता है । ऐसे शुद्धमतिजिन की मैं पूजा करता हूँ। ॥०२॥२२॥

# श्रीभद्र जी

॥०२॥२३॥

**संसारलक्ष्म्या अतिनश्वराया जन्मर्क्षमुद्रामिव कुत्सयन्वा ।**
**भद्रा शिवश्रीरिति योगयुक्त्या श्रीभद्रमीशं रभसार्चयामि ।।**

**ॐ ह्रीं श्रीभद्रजिनायार्घम् ।**

---

**ભાવાર્થ :–** અતિ વિનાશક સંસારલક્ષ્મીની જન્મ નક્ષત્રની મુદ્રા સમાન નિંદા કરતા થકા અને મોક્ષલક્ષ્મીની પ્રશંસા કરતા થકા યોગની યુક્તિથી સાર્થક નામવાળા શ્રીભદ્ર જિનેન્દ્રની હું શીઘ્ર પૂજા કરું છું. ॥૦૨॥૨૩॥

**भावार्थ :–** अतिविनाशीक संसार लक्ष्मी की जन्मनक्षत्र की मुद्रा के समान निंदा करते हुए एवं मोक्षलक्ष्मी की प्रशंसा करते हुए योग की युक्ति से सार्थक नामवाले श्रीभद्र जिनेन्द्र की मैं शीघ्र ही पूजा करता हूँ। ॥०२॥२३॥

# अनंतवीर्य जी

॥०२॥२४॥

**अनंतवीर्यादिगुणप्रसन्नमात्मप्रभावानुभवैकगम्यं ।**
**अनंतवीर्यं जिनपं स्तवीमि यज्ञार्थभागैरुपलाल्यमानं ।।**

**ॐ ह्रीं अनन्तवीर्य जिनायार्घम् ।**

---

**ભાવાર્થ :– અનંતવીર્ય આદિ ગુણ સંયુક્ત આત્માના પ્રભાવરૂપ અનુભવગમ્ય અને યજ્ઞ નિમિત્ત પૂજા પ્રાપ્ત અનંતવીર્ય જિનેન્દ્રની હું સ્તુતિ કરું છું. ॥૦૨॥૨૪॥**

**भावार्थ :– अनंतवीर्य आदि गुण संयुक्त आत्मा के प्रभाव रूप अनुभव के गम्य एवं यज्ञ निमित्त पूजा को प्राप्त अनन्त-वीर्य जिनेन्द्र की स्तुति करता हूँ। ॥०२॥२४॥**

# सामूहिक अर्घ

॥०२॥२५॥

**पूर्वं विसर्पिण्यथ कालमध्ये संजातकल्याणपरंपराणां ।**
**संस्मृत्य सार्थं प्रगुणं जिनानां यज्ञेसमाहूँय यजे समस्तान् ।।**

**ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठामहोत्सवे यागमंडलेश्वरद्वितीय वलयोन्मुद्रितनिर्वाणाद्यनंतवीर्यान्तेभ्यो भूतजिनेभ्योऽर्घम् ।।**

---

ભાવાર્થ :– આ રીતે આ પ્રતિષ્ઠા મહોત્સવમાં યાગ મંડળના દ્વિતીય વલયમાં સ્થાપિત ભૂતકાળના જિનેન્દ્રોને અર્ઘ્ય ચડાવવો જોઈએ. ॥૦૨॥૨૫॥

भावार्थ :– इस प्रकार इस प्रतिष्ठा महोत्सव में यागमण्डल के द्वितीय वलय में स्थापित भूतकाल के जिनेन्द्रों को अर्घ देना चाहिए। ॥०२॥२५॥

# तृतीय वलय परिचय

**वलय में अर्घ्य की संख्या :** २५ (वर्तमान काल के २४ तीर्थंकर के २४ अर्घ्य और १ समुच्चय अर्घ्य)

**वलय का विषय एवं संक्षिप्त परिचय :** इस वलय में भरतक्षेत्र के वर्तमानकाल के २४ तीर्थंकर भगवंतों की पूजन की है। जिनके ५-५ कल्याणक से यह भरत भूमि पावन हुई है, ऐसे श्री आदिनाथ भगवान से लेकर श्री महावीर भगवान तक उन प्रत्येक तीर्थंकर को अर्घ्य समर्पित किया है।

**वलय एवं अर्घ्य का दृशिकरण :** श्री आदिनाथ भगवान के निर्वाण के बाद भरत चक्रवर्ती ने ९ निधि मैं से नैसर्प निधि से कैलाश पर्वत पर ७२ जिनालय की रचना की थी। यहाँ पर हमने कैलाश पर्वत और तीन चौबीसी के ७२ जिनालय का दिव्य दृशीकरण देवों द्वारा रचित दर्शाने की काल्पनिक भावनात्मक कोशिश की है। इन प्रत्येक जिनालयों में सोनगढ़ के अध्यात्ममूर्ति पूज्य गुरुदेवश्री कानजीस्वामी के पवित्र करकमल से प्रतिष्ठीत एवं उनके प्रभावना योग मैं स्थापित जिन प्रतिमाओं को दर्शाया गया है।

॥०३॥०१॥

मनुनाभिमहीधरजात्मभुवं मरुदेव्युदरावतरंतमहं ।
प्रणिपत्य शिरोभ्युदयाय यजे कृतमुख्यजिनं वृषभं वृषभं ।।

ॐ ह्रीं वृषभजिनायार्घम् ।

---

ભાવાર્થ :– મનુ નાભિરાયના પુત્ર અને મરુદેવી રાણીના ગર્ભમાં અવતાર લેનારા, યજ્ઞવિધાનમાં મુખ્ય તથા ધર્મથી શોભાયમાન શ્રી વૃષભનાથ ભગવાનની મસ્તક નમાવીને હું પૂજા કરું છું. ॥૦૩॥૦૧॥

